Rajasthan Patrka, Jaipur	June 5, 2017	Page No 9

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में काउंसलिंग शुरू

जयपुर। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में नए सत्र के लिए चार दिवसीय काउंसलिंग रविवार से शुरू हो गई। काउंसलिंग के लिए 800 से अधिक छात्रों को सूचीबद्ध किया गया है। राजस्थान समेत कई प्रांतों के लगभग 1600 छात्रों ने बी.टेक, बीबीए, बी.कॉम एवं एमबीए के लिए यूनिवर्सिटी में आवेदन किया है। यूनिवर्सिटी के निदेशक राकेश भास्कर व वाइस चांसलर डॉ. आर.एल. रैना के मुताबिक छात्रों का रुझान स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम्स में अधिक है। वहीं, सिलेबस इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप डिजाइन किए गए हैं।